कारपोरेट कार्यालय में 05 दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 09 से 13 मार्च, 2026 तक 05 दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के माध्यम से संचालित किया गया जिसमें कारपोरेट कार्यालय के 28 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 09 मार्च, 2026 को डा.ए.एन.त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के निदेशक, लेफ्टिनेंट कर्नल श्री रामनरेश शर्मा एवं संकाय सदस्य, डॉ. मोहन चन्द्र बहुगुणा, सहायक निदेशक ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सर्वप्रथम श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) ने कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं सभी प्रमुख अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर ब्यूरो के निदेशक, श्री रामनरेश शर्मा ने अपने संबोधन में 05 दिवसीय संक्षित अनुवाद प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हालांकि, आजकल अनुवाद के लिए अनेक ई-टूल्स प्रचलन में आ गए हैं जो काफी हद तक अनुवाद कार्य कर रहे हैं परन्तु इस अनुवाद को अंतिम नहीं माना जा सकता क्योंकि मशीनी अनुवाद कितना ही सटीक क्यों न हो परन्तु यह किसी व्यक्ति की सोच से आगे नहीं जा सकता । मशीनी अनुवाद को एक बार अवश्य ही पढ़ा जाना चाहिए ताकि इसमें रह गई त्रुटियों को दूर किया जा सके।

कार्यक्रम के अध्यक्ष, श्री त्रिपाठी ने सर्वप्रथम केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अधिकारियों का टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित करने हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा अंग्रेजी के शब्दों के हिंदी में अनेक अर्थ होते हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि अनुवाद करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कौन सा शब्द वाक्य में सटीक अर्थ दे रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम में गहन रूचि लेने का आह्वान किया ताकि हिंदी में कार्य करने में परेशानी न हो। 05 दिन चले इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के डॉ. मोहन चन्द्र बहुगुणा, सहायक निदेशक एवं श्री आकाशदीप, सहायक निदेशक ने अनुवाद के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

****